स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 27.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान वर्ष 2018 का राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्रान्तर्गत शत्–प्रतिशत् सफलता हेतु महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्यगण, समस्त पार्षद, एल्डरमेन द्वारा संयुक्त रुप से भिलाई निगम परिसीमा क्षेत्र के समस्त नागरिकों/पालकों से अपील की गई है कि 28 जनवरी दिन रविवार को अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में प्रातः 8 से सायं 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बुंद खुराक देकर पोलियो मुक्त राष्ट्र बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

पल्स पोलियो दल द्वारा 29 व 30 जनवरी 2018 को घर–घर भ्रमण कर ऐसे बच्चे जो किन्ही कारणों से टीकाकरण केन्द्र में पोलियो की खुराक नहीं ले पाते हैं, उन्हे चिन्हित कर पोलियो की खुराक दी जावेगी। इस अभियान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, एवं घुमन्तु परिवार के बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जावेगी।

इस अभियान के सफल संपादन हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एस के जामगड़े द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्रान्तर्गत इस अभियान में 0 से 5 वर्ष के अनुमानित 71656 लक्षित बच्चों के लिए विगत् वर्षो की भांति 227 स्थायी/अस्थाई टीकाकरण केन्द्र, 4 मोबाईल/ट्रांजिट टीम बनाई गई है। 4 जोनल अधिकारी 33 सुपरवाईजर एवं 908 टीकाकरण दल के सदस्यों द्वारा बुथ के अतिरिक्त निर्माणाधीन स्थल, ईंट भट्ठा, हाईरिस्क एरिया, बाहर से आने वाले बच्चों को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंण्ड के आसपास, घेरा डालकर रहने वाले घुमन्तु परिवार के बच्चों को भी पोलियो खुराक देने की व्यवस्था की गई है ताकि निगम क्षेत्र में शत्–प्रतिशत् लक्षित बच्चों को पोलियो की दो बुंद से प्रतिरक्षित किया जा सके। अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला में सम्पर्क कर सकते हैं।

जन सम्पर्क अधिकारी